# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

## बर्मिंघम टेस्ट मे बारिश का खतरा! क्या पहले दिन धुल जाएगा भारत-इंग्लैडं का मुकाबला? जाने मौसम और पिच रिपोर्ट।

Publisher

Published on 30 Jun 2025




## भारत और इंग्लैडं के बीच दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से एजबेस्टन, बर्मिंघम मे खेला जाएगा। पहले दिन बारिश और तेज़ हवाएं मैच को प्रभावित कर सकती है।

**बर्मिंघम :** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला **2 जुलाई 2025** से **बर्मिंघम के एजबेस्टन स्टेडियम** में खेला जाएगा। भारत की टीम इस **सीरीज मे 0-1 से पीछे** है और इस मुकाबले को जीतकर बराबरी हासिल करना चाहेगी। हालांकि पहले दिन का खेल मौसम की वजह से प्रभावित हो सकता है।

### 2 जुलाई का मौसम कैसा रहेगा?

मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, **बर्मिंघम मे 2 जुलाई को बारिश की संभावना** बनी हुई है। स्थानीय समयानुसार, **मैच सुबह 11 बजे** से शुरू होगा और **टॉस 10:30 बजे** होगा। इस समय भी **20% बारिश की आशंका** जताई गई है, साथ ही करीब **11 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं** चलेंगी। दिनभर बादल छाए रहेंगे और मैच के रुकने की संभावना बनी रहेगी।

तीसरे सेशन के दौरान **हवाएं 18 किमी/घंटा तक तेज** हो सकती हैं, जिससे बल्लेबाजों को अधिक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में टॉस काफी महत्वपूर्ण हो जाएगा और जो कप्तान **टॉस** जीतेगा, वह पहले गेंदबाजी करना चाहेगा।

### पिच रिपोर्ट: गेदंबाजों को मिलेगा फायदा

**बर्मिंघम की एजबेस्टन** पिच पर पहले दिन **तेज गेदंबाजों को मदद मिलने की संभावना** है। ठंडे मौसम और नमी की वजह से स्विंग और सीम मूवमेंट देखने को मिलेगा। स्पिनर्स के लिए शुरुआती दिन में ज्यादा मदद नहीं रहेगी। हालांकि आउटफील्ड तेज़

होगी जिससे बल्लेबाजों को शॉट लगाने में सहूलियत होगी।

**मैच कब और कहां देखे लांइव ?**

भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा टेस्ट मैच सो**नी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर लाइव टेलीकास्ट** होगा। वहीं, **डिजिटल प्लेटफॉर्म** पर इसकी **लाइव स्ट्रीमिंग जियोहॉटस्टार** पर उपलब्ध होगी।

**भारतीय समयानुसार :**

मैच की शुरुआत **दोपहर 3:30** बजे से होगी।

**टॉस 3:00** बजे किया जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.